BA Part II (H)
Paper IV

Dr. Chiranjeev Kumar Thakur
Assistant Professor (GT)
Department of Sociology
VSJ college Rajnagar

अनुसूची के गुण (merits of schedule) ⇒ सामाजिक सर्वेक्षण तथा अनुसंधान में अनुसूची एक महत्वपूर्ण प्रविधि प्रमाणित हुई है। अन्य प्रविधियों की तुलना में इसकी प्रकृति अधिक स्वतन्त्र और स्वयं में पूर्ण है। इस दृष्टिकोण से अनुसूची के गुणों को निम्नांकित रूप से समझा जा सकता है-

1) सही व विश्वसनीय सूचनाओं की प्राप्ति = अनुसूची एक ऐसी प्रविधि है जिसमें अवलोकन, साक्षात्कार तथा प्रश्नावली के गुणों का संयुक्त रूप से देखने को मिलता है। एक ओर अनुसूची के प्रश्न अध्ययनकर्ता पर नियन्त्रण बनाये रखते हैं जबकि अध्ययनकर्ता को साक्षात्कार और अवलोकन का साथ-साथ अवसर मिल जाने के कारण वह भिन्न-भिन्न सूचनाओं की प्रमाणिकता को समझने में भी काफी सीमा तक सफल हो जाता है। इसके फलस्वरूप अनुसूची द्वारा प्राप्त सूचनाएं अधिक यथार्थ और विश्वसनीय होती है।

2) अस्पष्ट प्रश्नों की व्याख्या सम्भव = कोई भी प्रश्न चाहे कितना भी सरल और स्पष्ट भाषा में क्यों न हो लेकिन अनेक उत्तरदाता उन्हें सही ढंग से नहीं समझ पाते। यही कारण है कि प्रश्नावली से प्राप्त उत्तर अक्सर अपूर्ण ही रहते हैं। इसके विपरीत अनुसूची का प्रयोग करने के लिए अध्ययनकर्ता जब उत्तरदाता से प्रत्यक्ष सम्पर्क स्थापित करता है तो वह उत्तरदाता की सभी जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान करके अधिक सही सूचनाएं प्राप्त कर लेता है।

3) अध्ययन में लोच का गुण - अनुसूची में रखे गये प्रश्न अध्ययन विषय से सम्बन्धित तथ्य के आधार पर निर्धारित अवश्य होते हैं परन्तु फिर भी उनमें लोच का गुण बना रहता है। अध्ययनकर्ता यदि यह महसूस करता है कि कुछ प्रश्नों में संशोधन की आवश्यकता है अथवा अनुसूची में से कुछ प्रश्नों को निकालना या नये प्रश्नों को जोड़ना उपयोगी हो सकता है तो उसे अध्ययन के दौरान ही ऐसा करने का अवसर मिल जाता है। यही कारण है कि अनुसूची की सहायता से अनेक बार ऐसे भी तथ्य प्राप्त हो जाते हैं जिनकी अध्ययन से पूर्व कल्पना नहीं की गयी थी।

4) अवलोकन की सुविधा - कोई भी वैज्ञानिक ज्ञान अवलोकन के बिना सम्भव नहीं होता। अनुसूची एक अध्ययनकर्ता को यह सुविधा प्रदान करती है कि वह उत्तरदाताओं से सूचनाएं एकत्रित करने के साथ ही घटनाओं का स्वयं भी अवलोकन कर सके। इसके अतिरिक्त साक्षात्कार अनुसूची तथा अवलोकन अनुसूची का साथ-साथ उपयोग करके भी कम समय में अधिक तथ्यों का संग्रह किया जा सकता है।

5) अधिकतम प्रत्युत्तर - अनुसूची का एक महत्वपूर्ण लाभ यह है कि इसके द्वारा प्राप्त दिये गये उत्तरों का प्रतिशत प्रश्नावली की तुलना में बहुत अधिक होता है। अध्ययनकर्ता जब स्वयं उत्तरदाताओं के समक्ष होता है तो उत्तरदाता अपना समय निकाल ही लेता है।

6) तथ्यों के मूल्यांकन में सरलता

7) सभी क्षेत्रों के लिए उपयोगी